कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।

Phone/ Fax: 01352767611
E-mail:nodalof nodalofficerddn@gmail.com

पत्रांक– 835 /FP/UK/ROAD/14661/2015 :देहरादून:दिनांकः 21 सितम्बर, 2019

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक,
भारत सरकार,
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय,
क्षेत्रीय कार्यालय (उत्तर–भाग क्षेत्र,)
25 सुभाष रोड, देहरादून।

विषयः– जनपद टिहरी गढवाल के विकासखण्ड भिलंगना में धनसाली–घुत्तु मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 0.245 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।

( ऑनलाईन प्रस्ताव संख्या– FP/UK/ROAD/14661/2015 )

सन्दर्भः– भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय (उत्तर–भाग क्षेत्र) देहरादून का फाईल संख्या 8बी/यू.सी.पी./06/24/2018/एफ.सी./816 दिनांक 19.07.2019।

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित पत्र के क्रम में भारत सरकार द्वारा लगाई गई आपत्ति का प्रतिउत्तर वन संरक्षक, भागीरथी वृत्त, उत्तराखण्ड, मुनिकीरेती ने अपने कार्यालय पत्रांक 528/12–1 दिनांक 19.09.2019 से इस कार्यालय को प्रेषित किया गया है। आपत्ति का प्रतिउत्तर निम्न प्रकार आपके अवलोकनार्थ प्रेषित हैः–

| क्र0सं0 | आपत्ति | प्रतिउत्तर |
|---|---|---|
| 1 | प्रस्तावित मार्ग की के0एम0एल0 फाईल से यह प्रतीत होता है कि प्रस्तावित मार्ग के अन्तिम छोर पर कोई भी Habitation नही हैं। अतः के0एम0एल0 फाईल अभी भी सही प्रतीत नही होती है। | आपत्ति के क्रम में प्रस्तावक विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि उक्त मोटर मार्ग एवं पुल किसी भी बसावट को जोडने हेतु नही अपितु बाईपास मोटर मार्ग के रूप में निर्मित किये जाने हेतु प्रस्तावित हैं। चूंकि घनसाली मुख्य चौराहे में मार्ग की चौडाई अत्यन्त कम है तथा उक्त स्थल पर मार्ग को चौडीकरण किया जाना भी सम्भव नहीं हैं, इसलिए वाहनों के अत्यधिक आवागमन से जाम लगने पर घनसाली नगर में अव्यवस्था बनी रहती है।<br>उक्त स्थिति को मध्यनजर रखते हुए प्रस्तावित मोटर मार्ग का निर्माण किया जाना अति आवश्यक हो गया है। प्रस्तावित मोटर मार्ग बाईपास मार्ग होने के कारण के0एम0एल0 फाईल में इसके अन्तिम छोर पर कोई गांव/आबादी क्षेत्र प्रदर्शित नही हो रहा हैं। |

भवदीय,

24/9/19

(डी0जे0के0 शर्मा)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी

संख्या / FP/UK/ROAD/14661/2015दिनांकित।

प्रतिलिपिः– वन संरक्षक, भागीरथी वृत्त, उत्तराखण्ड, मुनिकीरेती को उपलिखित पत्रांक के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

(डी0जे0के0 शर्मा)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी